Title: Regarding protection of the Samajwadi Party workers in Uttar Pradesh.

कुंवर अखिलेश सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मेरठ जनपद के दौराला ब्लाक की ब्लाक प्रमुख रीता देवी और उनके पति पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र दौऱालिया की कल रात आठ बजे मेरठ जनपद के सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ए.के-47 राइफल से पुलिस की वर्दी में घर में घुस कर भून देने का कार्य आपऱाधियो ने किया। उन्होंने अपनी सुरक्षा की मांग उ. प्र. सरकार से की थी परन्तु उत्तर प्रदेश सरकार ने समाजवादी पार्टी के लोगों को सुरक्षा देने से इंकार कर दिया और आज उत्तर प्रदेश सरकार सुरक्षा मुहैया न करके समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक-एक करके हत्याएं करवाती चली जा रही है। इससे पहले भी 1991 में समाजवादी के विधायक भोपाल सिंह, जो सुरेन्द्र सिंह दौऱालिया के भाई थे, की हत्या की जा चुकी है।

हम आपके माध्यम से सरकार से मांग करते हैं कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की जिस निर्ममतापूर्वक हत्याएं की जा रही हैं, जिस तरह अपराधी गिरोह ए.के-47 राइफल लेकर आए दिन आतंक मचा कर लोगों को गोलियों से भूनने का काम कर रहे हैं, समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की हत्याएं और उन पर हो रहे जुल्म की जांच करने के लिए एक संयुक्त संसदीय दल का गठन किया जाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Kaliappan.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Kaliappan is saying.

(Interruptions) *â€¦

*Not Recorded.